दैनिक
# न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
रायगढ़, मंगलवार 04 फरवरी 2020
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### निजी भूमि पर कब्जा करने की नियत से जेसीबी मशीन से तार का घेरा तोड़ा, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** निजी भूमि पर कब्जा करने के लिए जेसीबी वाहन लेकर जबरन प्रवेश कर तार फेसिंग एवं गेट तोड़कर आरोपियों ने सुरक्षा गार्ड के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार मोनेट कालोनी मंदिर हसौद निवासी मेजर प्रताप भदौरिया 58 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि डेफोडिल इंटरप्राइजेस फार्म हाउस तेलीबांधा स्थित निजी भूमि जिसका क्षेत्रफल 3.612 एकड़ है जहां पर प्रार्थी सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात है। 9 जनवरी को अश्वनी बांधे निवासी बरौदा माना कैंप ने जबरन जेसीबी मशीन लेकर फार्म हाउस में लगा तार का घेरा व गेट को कब्जा करने की नियत से तोड़ दिया। मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया व जेसीबी मशीन चढ़ा देने की बात कहने लगा। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध अलग-अलग धाराओं में अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### दोस्तों के साथ माना घूमने आया युवक चलती कार से गिरा, ईलाज के दौरान मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** चलती कार का दरवाजा खुल जाने के चलते पीछे बैठा युवक नीचे गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए एमएमआई अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राहुल मौर्य 27 वर्ष पिता रमाकांत प्रसाद निवासी कैलाश नगर लोहिया रोड जामुल जिला दुर्ग 22 जनवरी को अपने दोस्तो के आल्टो कार क्र0 सीजी 04 एचए 4630 में नया रायपुर घुमने आया था। आल्टो कार के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से कार का दरवाजा खुलने से व गिर गया।

### 24 बिन्दुओं का मापदंड तैयार, इससे होगी स्मार्ट सिटी की रैंकिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** जीवन स्तर, आर्थिक सामर्थ्य, स्थिरता जैसे बिंदुओं पर नागरिकों से मिले जवाब और शहर के सर्वेक्षण के बाद स्मार्ट सिटी की रैंकिंग होगी। स्मार्ट सिटी के लिए 24 मूलभूत बिंदु तैयार किया गया है। इन बिंदुओं पर मिलने वाले फीडबैक के आधार पर स्मार्ट सिटी की रैंकिंग की जाएगी। केंद्रीय आवास एवं नगरीय विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर जीवन सुगमता सूचकांक-2019 के सर्वेक्षण के लिए स्मार्ट सिटी रायपुर ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक सौरभ कुमार ने इस सर्वेक्षण के संबंध में बताया कि सर्वेक्षण के लिए 24 मूल बिंदु निर्धारित किए गए हैं।

### अनियंत्रित हाईवा ने बिजली खंभे को मारी ठोकर, पोल व सीसी टीवी कैमरा क्षतिग्रस्त

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार हाइवा ने स्मार्ट सिटी के तहत लगे पोल को टक्कर मार दिया जिसके चलते पोल व सीसी टीवी कैमरा क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसर अनुपम नगर निवासी त्रिरूपति राव 27 वर्ष ने टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार को पचपेढ़ी नाका ओव्हरब्रिज के पास तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 04 जेसी 9819 के चालक ने पचपेढ़ी नाका ओव्हरब्रिज के पास स्मार्ट सिटी के तहत लगे पोल को ठोकर मार दिया जिसके चलते पोल में लगे सीसी टीवी कैमरा व पोज क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### गृहमंत्री ने कहा जवान गोली क्यों चला रहे हैं उच्चाधिकारी कर रहे जांच

» एक फरवरी को सुरक्षा बल के जवान ने दो साथियों को मारी थी गोली

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के तनाव में आकर आत्मघाती कदम उठाने की कई घटनाएं प्रकाश में आ चुकी है। इसी क्रम में हाल ही में सीएएफ कैंप में एक फरवरी को जवान द्वारा अपने ही 2 अन्य साथी जवानों पर गोलियां चला दीं।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश : अमन सिंह प्रकरण की सुनवाई 26 फरवरी तक करे हाईकोर्ट

**रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के प्रमुख सचिव रह चुके अमन सिंह के खिलाफआय से अधिक संपत्ति रखने सहित कई गंभीर आरोपों पर अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है। इधर राज्य सरकार की याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट बिलासपुर को 26 फरवरी को मामले का निराकरण करने का निर्देश जारी किया है।**



सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की याचिका पर पूर्व प्रमुख सचिव अमन सिंह के प्रकरण की सुनवाई बिलासपुर हाईकोर्ट को 26 फरवरी को निराकरण करने के आदेश दिया है। राज्य के पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर की शिकायत पर सरकार ने अमन सिंह के खिलाफ शिकायतों की जांच के लिए एसआईटी बनाई थी।

लेकिन हाईकोर्ट में लगी याचिका के बाद हाईकोर्ट ने अमन सिंह के खिलाफ एसआईटी जांच पर रोक लगा दी थी। एसआईटी जांच में लगी रोक के बाद राज्य सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट के डबल बेंच में जस्टिस रोहिंटन नरीमन और जस्टिस एस रविंद्र भट्ट की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में यह तर्क दिया कि सालभर से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी प्रकरण का निराकरण नहीं हो पाया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट बिलासपुर को 26 फरवरी को प्रकरण का निराकरण करने का आदेश दिया हैं। हाईकोर्ट के रूख के बाद इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट 2 मार्च को सुनवाई करने वाला है।

### बस्तर अंचल की जनता ने लोकतंत्र पर जताया विश्वास

» नक्सल हिंसा की घटनाएं नगण्यः पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में विकास, विश्वास और सुरक्षा को पहली प्राथमिकता दी है। नई सरकार के गठन के बाद पिछले लगभग एक वर्ष में प्रदेशभर में और विशेषकर वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए जिस तेजी से काम हुए हैं, इससे इन क्षेत्रों के लोगों में विश्वास का जो वातावरण बना है इसकी बानगी हाल ही में हुए त्रि-स्तरीय आम चुनाव में देखने को मिली है। लोगों ने कई स्थानों पर इस बार के चुनाव में पिछले बार की चुनाव की अपेक्षा दोगुनी अधिक मतदान कर लोकतंत्र के प्रति आस्था दिखाई है। प्रदेश के सुदूर नक्सल क्षेत्रों में मतदान शांति पूर्ण हुआ है। लोगों ने बिना किसी भय के मतदान किया। चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदान केन्द्रों में सुबह से मतदान केन्द्र पहुंचे।

### शराब दुकान में रखा 27 लाख 70 हजार लाकर सहित चोरी,मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शराब दुकान का ताला तोड़कर लाकर में रखा लाखों रुपये अलमारी सहित चोरी कर ले गये। घटना की रिपोर्ट माना थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार जय प्रकाश महंत पिता पितांबर दास महंत निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी सेक्टर 29 नया रायपुर में अपने माता पिता के साथ रहता हू ए टु जेड कार्यालय अवंति विहार के माध्यम से डुमरतराई विदेशी शराब दुकान में सुपरवाईजर के पद पर दिनांक 23जनवरी 2020 से कार्यरत है। उक्त शराब दुकान में आबकारी विभाग के द्वारा एक लोहे का लॉकर रखवाया गया है जिसमें प्रतिदिन के शराब बिक्री के रकम को रखता हू दुसरे दिन सीएमएस बैंक वाले आकर जमा रकम को ले जाते थे दिनांक 01 से 02 फरवरी तक बैंक बंद होने से तीन दिन का बिक्री रकम करीब 27 लाख 70 हजार को 02.02.2020 को रात्रि को लाकर मे रखने के बाद दुकान में ताला बंद कर करीब 02.00 बजे रात्रि घर चला गया था । दुकान के



बाहर दो गार्ड थे। 3 फरवरी सोमवार को प्रातः 09.00 बजे डुमरतराई शराब दुकान पहुचा तो गार्ड अपने ड्यूटी कर चले गये थे दुकान के पीछे का दरवाजा को किसी ने मोड कर गेप बनाया था। इसकी जानकारी प्रार्थी ने कंपनी के लोकेशन अधिकारी संजीव दास को फोन कर बताया। संजीव दास ने आबकारी विभाग के हवलदार जफर खान को सूचना दिया उसके बाद दुकान के सामने का ताला खोलकर अंदर जाकर देखे तो पिछला दरवाजा का ताला टुटा हुआ था व अंदर रखे लाकर गायब था। दुकान के बाहर लगे सीसीटीव्ही कैमरे का डीबीआर और हार्ड डीस्क भी नही था।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उमेश पटेल से सम्बद्ध विभागों के बजट प्रस्तावों पर विचार-विमर्श

**रायपुर** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, जनशक्ति और नियोजन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवक कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल से सम्बद्ध विभागों के वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, जनशक्ति और नियोजन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल सहित मुख्य सचिव श्री आर पी मंडल, अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री गौरव द्विवेदी, सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व कैंसर दिवस पर विविध कार्यक्रम आज

**रायपुर (आरएनएस)।** विश्व कैंसर दिवस को लेकर 30 जनवरी से 04 फरवरी तक जन जागरुकता सप्ताह अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। राजधानी सहित जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क जांच कराने के बाद संदिग्ध मरीजों मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया जाएगा। राजधानी में लोगों को जागरुक करने के लिए कचरा उठाने वाले गाड़ी में भी कैंसर जागरुकता गीत बजाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. मीरा बघेल ने ह्यबताया, कैंसर के प्रति जागरुकता लाने प्रचार-प्रसार के लिए दो ई-रिक्सा के माध्यम से संदेश प्रचारित किया।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे पीस हॉफ मैराथन का शुभारंभ

» नारायणपुर में 8 फरवरी को होगा अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन का आयोजन

**रायपुर।** अबूझमाड़ को दुनिया के नक्शे में नई पहचान मिलेगी। जिला प्रशासन नारायणपुर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन दौड 2020 का आयोजन किया जा रहा है। इस दौड़ का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 8 फरवरी को करेगें।

हॉफ मैराथन का आयोजन आदिम संस्कृति की संरक्षण स्थली अबूझमाड़ के विकास, शांति और इस क्षेत्र को विश्व स्तर पर एक सकारात्मक पहचान बनाने के लिए किया जा रहा है। अबूझमाड पीस हॉफ मैराथन दौड़ 2020 के शुभारंभ कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, नारायणपुर प्रभारी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार, बस्तर सांसद श्री दीपक बैज होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कोण्डागांव विधायक श्री मोहन मरकाम, नारायणपुर विधायक श्री चंदन कश्यप, नारायणपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी होंगी।

पीस हॉफ मैराथन का शुभारंभ जिला मुख्यालय के बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल खेल मैदान से प्रातः 6.30 बजे से किया जायेगा। लगभग 21 किलोमीटर हॉफ मैराथन का सामापन विकासखण्ड ओरछा के ग्राम बासिंग में सुबह 10.30 किया जाएगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र के सौजन्य से मैराथन आयोजन समिति नारायणपुर के माध्यम से किया जा रहा है। जिला नारायणपुर में गत वर्ष 2019 से अबूझमाड़ पीस मैराथन का आयोजन प्रारंभ किया गया जो बहुत ही सफल रहा, जिसमें भारत समेत अन्य देश के लगभग 5000




धावको ने हिस्सा लिया तथा केनिया के धावक श्री भोजेश एवं महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की सुश्री डिपल सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

इस वर्ष भी अबूझमाड़ पीस मैराथन 2020 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अब तक देश-विदेश के लगभग 9 हजार धावक रजिस्ट्रेशन करा चुके है,कार्यक्रम की तिथि तक लगभग 12 हजार धावकों के रजिस्ट्रेशन होने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु फलेक्स, पौस्टर, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि देश विदेश के धावक भाग ले और क्षेत्र की आदिवासियों की संस्कृति को नजदीक से देखकर समझ सकें।

### मिट्टी तेल का आबंटन जारी

**रायपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रदेश के उचित मूल्य के दुकानों एवं हॉकरों द्वारा माह फरवरी में उपभोक्ताओं को वितरण के लिए केरोसिन का आबंटन जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रचलित राशनकार्डों एवं हॉकरों के लिए माह फरवरी के लिए कुल 7008 किलो लीटर केरोसिन का आबंटन किया गया है। इनमें उचित मूल्य दुकानों के लिए 6964 तथा हॉकरों के लिए 44 किलो लीटर केरोसिन शामिल है। माह फरवरी से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रचलित सभी प्राथमिकता, अंत्योदय एवं अन्नपूर्णा राशनकार्डो को केरोसिन की पात्रता होगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों को अधिकतम 2 लीटर मिट्टी तेल, ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों में अधिकतम 3 लीटर तथा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों को अधिकतम 2 लीटर केरोसिन की पात्रता होगी। केरोसिन वितरण करने वाले हॉकर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित उचित मूल्य दुकान के समक्ष खड़े होकर राशनकार्डधारियों को केरोसिन वितरण करेंगे। हॉकरों के लिए प्रति हॉकर 85 लीटर के मान से पृथक आबंटन जारी किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा माह फरवरी के लिए जारी की गई कुल केरोसिन में से बस्तर जिले के लिए 252 किलो लीटर मिट्टी तेल का आबंटन जारी किया गया है।

» पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बिखरेगी छटा

### पं. दीनदयाल आडिटोरियम में महाराज अग्रसेन कालेज का वार्षिक उत्सव सम्पन्न हुआ

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से बी प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त मैट्स विश्वविद्यालय द्वारा मैट्सोत्सव -2020 का भव्य आयोजन 4 फरवरी 2020 को शाम 5 बजे से किया जाएगा। इस वर्ष मैट्स विश्वविद्याय के वार्षिक उत्सव का आयोजन यहाँ राजधानी के साइंस कॉलेज के पास स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में किया जा रहा है जो मैट्सोत्सव के नाम से लोकप्रिय है। इस समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके होंगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव होंगे।



मैट्स विश्वविद्यालय के कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने बताया कि मैट्सोत्सव-2020 के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक, रचनात्मक गतिविधियों के अलावा वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया था। इनके विजेता विद्यार्थियों को राज्यपाल एवं सम्मानीय अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित फैशन शो का भी आयोजन किया जाएगा। समारोह में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्य के साथ योग और देश के अन्य राज्यों की सांस्कृतिक छटा के माध्यम से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समारोह में विभिन्न संकायों के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को बेस्ट स्ट्डेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## राज्यपाल प्रभु कृपा अद्भुत दुख निवारण महासमागम में हुई शामिल

» संत-गुरूजन समाज में सम्झार्ग का रास्ता बताते हैं-उइके

**रायपुर। राज्यपाल अनुसुईया उइके कल ब्रम्हर्षि श्री कुमार स्वामी जी की प्रभु कृपा अद्भुत दुख निवारण महासमागम में शामिल हुई।**

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि संत-गुरूजन समाज में सद्मार्ग का रास्ता बताते हैं। उनकी उपस्थिति से ही समाज में सकारात्मकता का वातावरण निर्मित होता है। मैं इस अवसर पर प्रदेश की



सुख-समृद्धि की कामना करती हूं। उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण धाम विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक संस्थानों में से एक है। ब्रम्हर्षि श्री कुमार स्वामी जी इस महासमागम शिविर के माध्यम से पूरे दुनिया को आध्यात्म का संदेश दे रहे हैं। हमारी पुरातन संस्कृति और आध्यात्म का बहुत गहरा संबंध है। हमारे ऋषि-मुनियों के पास अद्भुत ज्ञान का भंडार था। वे उनके सहारे आमजनों के कल्याण के लिए मार्ग बताते थे। उन्होंने हमें मंत्रों की शक्ति से परिचय कराया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं और नई पीढ़ी को हमारी परम्पराओं और संस्कृति से भी परिचय कराते हैं।

### राजिम माघी पुन्नी मेला 9 से तैयारियां जोरों पर

अलग-अलग विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजिम माघी पुन्नी मेला शुरू होने में सिर्फ पांच दिन रह गए हैं। महानदी, पैरी और सोंढूर नदी के संगम पर माघ पूर्णिमा 9 फरवरी से शुरू होकर महाशिवरात्रि 21 फरवरी तक चलने वाली इस मेले की तैयारी जोरो पर हैं। धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मेला समिति की बैठक लेकर राजिम पुन्नी मेले को उसके मूल स्वरूप में मेले के रूप में पूरी भव्यता के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। साहू ने मेला स्थल का निरीक्षण कर सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU